# उद्योगों को 96 लाख की छूट

**राज्य मुख्यालय।** औद्योगिक विकास विभाग ने तीन औद्योगिक यूनिट को प्रतिपूर्ति के रूप में 96,18,880 रुपये जारी करने को मंजूरी दे दी है। यह धनराशि इन्हें औद्योगिक नीति 2012 के तहत निवेश करने पर स्टांप शुल्क में छूट के रूप में दी जाएगी।

कानपुर देहात में एचएल एग्रो प्रोडक्ट ने कानपुर देहात में स्टार्च व ग्लुकोज की यूनिट लगाई है। इन्हें 87,28,480 रुपये की धनराशि की प्रतिपूर्ति की जाएगी। गुंजन उद्योग ने कानपुर में वस्त्रोद्योग लगाया है। इन्हें 5,04,000 रुपये की प्रतिपूर्ति होगी। इसके अलावा पायनियर इंक एंड पिग्मेंटस ने कानपुर में प्रिंटिंग इंक्स की यूनिट लगाई है। इन्हें 3,86,400 रुपये दिए जाएंगे।